RNI NO. : MAHHIN/1998/02261

# महाराष्ट्र क्राईम्स




वर्ष 22 | अंक 02 | मुंबई, 05 दिसम्बर 2022 | पृष्ठ : 8 | कीमत : 5 रुपये | प्रधान संपादक : सिराज चौधरी

## मानखुर्द मे फर्जी आधार कार्ड बनाकर ठगने की कोशिश करने वाले

# जावेद अख्तर को पोलीस का अभयदान...

**संवाददाता**

एक कहावत है नेकी कर और दर्या में डाल . मुंबई में मानखुर्द उपनगर में श्री. मुबारक जुमान अली शेख ने ऐसी ही नेकी की और उनके जान और माल को खतरा हो गया .श्री.मुबारक अली शेख का अण्णाभाऊ साठे नगर जी.एम. लिंक रोड , मानखुर्द में आझाद सेल्स अँड सर्विसेस नाम से एक दुकान है . उस दुकान में उन्होंने उनके ही गाव के एक बेकार युवक जिसका नाम मोहम्मद जावेद जुबेर अख्तर है उसे काम पर रखा . काम पर रखने से पहले जावेद उत्तर प्रदेश के गाव में आवारा गर्दी करने वाला एक बेकार युवक था . उसकी मां ने श्री मुबारक अली से जावेद को काम पर रखने के लिए हाथ पर जोडे तभी दयाभाव से मुबारक अली शेख ने बेकार युवक जावेद अख्तर को काम पर रखा. जावेदने पहले कुछ साल तक इमानदारी से काम किया. उसे मुबारक अली शेख ने अपने बेटे की तरह रखा. ना की नोकर जैसे. लेकिन कुत्ते को घी हजम नही होता है इसी तरह जावेद को यह इज्जत की रोटी हजम नही हो रही थी. उसकी मुलाकात मानखुर्द के लल्लूभाई कंपाउंड मे छिपकर रहने वाले शाहिद उर्फ बबलू खान से हुई.



मुह्हमद जावेद अख्तर



इब्रार



फरार आरोपी शहीद उर्फ बबलू खान


बबलू खान के पिता का नाम हमीद खान है और वह ग्राम - जगनपुर ,तहसील - सुहावल थाना- नवराई ,जिला - अयोध्या का निवासी है. इस शाहिद उर्फ बबलू हमीद खान पर अयोध्या के नवराई थाना से गिरफ्तारी वॉरंट जारी है. और वह फरार होकर मुंबई के मानखुर्द परिसर के लल्लुभाई कंपाउंड मे खुलेआम घुम रहा है. इस शाहिद उर्फ बबलू खान से मिलकर जावेद अख्तरने एक फर्जी आधार कार्ड बनवाया. उस फर्जी आधार कार्ड में उसने मुबारक अली शेख को अपने पिता के नाम से दर्ज किया. श्री. मुबारक अली ने गॅस सिलेंडर को ग्राहक कों तक पहुचाने के लिए के लिये एक टेम्पो खरिदा ,जिसका नंबर है एम एच ०४ एचडी ४६९५. टेम्पो की जिम्मेदारी भी उन्होने जावेद को ही दि थी. उत्तर प्रदेश से फरार आरोपी शाहिद उर्फ बबलू खान मोहम्मद जावेद अख्तर और उनका दोस्त इब्रार इन्होने चुपचाप लल्लुभाई कंपाउंड मे एक ऑफिस खोला और मुबारक अली के ग्राहकों को सिलेंडर सप्लाय करने लगे.

मुबारक अली का पुरा कारोबार किसी भी तरह से हथीआने की साजिश इन तिनों ने मिलकर की. उनको टेम्पो भी बेचकर उनको पुरी तरह से बरबाद करने की भी तयारी इन्होंने की थी. साजिश को अंजाम देने के लिए उन्होंने पहले जावेद का फर्जी आधार कार्ड बनवाया. श्री मुबारक अली को पिता के नाम से पेश किया इसके बाद श्री मुबारक अली शेख के कहने के मुताबिक उन्होने श्री मुबारक अली की हत्या कर के उसके वारिसदार के रूप मे पेश करने का इरादा था. लेकिन इस बात की जानकारी श्री मुबारक अली को मिली ऐसा जब जावेद अख्तर को पता चला तो मानखुर्द से भाग गया. पता चला है कि, वह राजधानी दिल्ली मे है. इस विषय की शिकायत अर्जी मानखुर्द पोलीस ठाणे मे दिनांक ०९/११/२०२२ को श्री मुबारक अली शेखने दि है. लेकिन मानखुर्द पोलीस शिकायत करता को ही मुजरिम मानकर पुछताच कर रही है ,जैसे उन्होंने बेकार युवक श्री जावेद अख्तर को रोटी कपडा और मकान देकर गुनाह किया हो .





शिकायतकर्ता
**मुबारक अली शेख**

**फरार आरोपी शाहिद उर्फ बबलू खान है मास्टर माईंड !**




MIR ASSOCIATES
Law Firm





MIR ASSOCIATES
Continuation Sheet



# ऐसा गार्डन है, जहां सांपो का बसेरा!


## वाशीनाका का वाणी गार्डन! दम तोडते पौधे, गंदगी की भरमार

**मुंबई।** चेंबुर के कुल 23 गार्डनों में से एक ऐसा भी गार्डन है, जहां सांपो का बसेरा है। चेंबूर के वाशीनाका स्थित साई अर्पण सोसायटी से सटे कथित वाणी गार्डन में चरसियों का जमावड़ा भी होता है। इस गार्डन का गेट टूटा होने के कारण रोड छाप लैला मजनू भी अपनी प्यास बुझाने आते है।

वाणी गार्डन में स्ट्रीट लाइट के अभाव में इकलौता सुरक्षा कर्मी कुछ भी कर पाने में असमर्थ है। इस मुद्दे पर मनपा एम पश्चिम गार्डन एंड ट्री विभाग के अभियंता अमोल इंग्ले से बात करने पर उन्होंने बताया कि इसकी सफाई जल्दी कराई जायेगी।




गौरतलब है कि गंदगी और कचरों से भरे इस गार्डन के पेड़ पौधे पानी के अभाव में दम तोड़ रहे हैं। जबकि इस गार्डन के रख रखाव के लिए दो ठेकेदारों को बहाल किया गया है। इनमें महेश नामक ठेकेदार को सफाई आदि की जिम्मेदारी दी गई है। कथित वाणी गार्डन चेंबूर विधानसभा की हद में है। यहां के सांसद राहुल शेवाले, विधायक प्रकाश फातर्पेकर और नगरसेवक श्रीकांत शेट्ठे हैं। मनपा के वार्ड क्रमांक 155 की हद में आने वाला यह गार्डन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। इस कड़ी में दिलचप्स बात यह है कि इसके मुख्य गेट पर कोई बोर्ड नहीं है। इसके दो गेट है जो दैनीय स्थिति में हैं। यहां के सुरक्षाकर्मी रमा लिंगम के अनुसार गेट और लाइट के अभाव में काफी परेशनियों का सामना करना पड़ता है। इस गार्डन में नशाखोरी करने वाले और लड़के लड़कियां रात के समय घुस जाते हैं। ऐसे में मैं अकेला कुछ भी नहीं कर पता। पिछले 6 वर्षों से रामलिंगम इस पार्क में तैनात है। अभियंता पर दबाव बनाने पर उसने कल कचरा साफ करने की बात कही है। इस पार्क में आस-पास के सैकड़ो लोग अपने बच्चे व परिवार के साथ आते हैं। ऐसे में अगर किसी जहरीले सांप ने किसी को डांस लिया तो क्या होगा?



## संपादकीय

# परंपराओं में बंधी नजर!

*वह चित्र व्यथित करता है जब लोकतंत्र में स्त्री की भागीदारी परंपराओं में बंधी नजर आती है। वास्तव में 21वीं सदी के भारत में पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी व्यावहारिक रूप में नजर भी आनी चाहिए। यदि निर्वाचित महिला प्रतिनिधि के स्थान पर परिवार का कोई पुरुष सदस्य शपथ ले तो इसे लोकतंत्र की विडंबना ही कहा जायेगा। यह भी मान लिया जायेगा कि पितृसत्तात्मक व्यवस्था उसे अपना आकाश हासिल नहीं करने दे रही है। निस्संदेह, भारतीय समाज परंपराओं में विश्वास करता रहा है, लेकिन बदलते वक्त के साथ बदलाव प्रकृति का नियम भी है। ऐसे वक्त में जब सैकड़ों लोग किसी महिला को अपना प्रतिनिधि चुनते हैं तो उसकी सार्वजनिक जीवन में उपस्थिति नजर भी आनी चाहिए। ऐसी कि वह अधिकारियों पर जनता के काम करवाने के लिये दबाव बनाने की स्थिति में हो। निस्संदेह, उसकी भूमिका परिवार की दहलीज से निकलकर सार्वजनिक जीवन में होती है। वह तभी देश की छोटी संसद के उद्देश्य को साकार कर पायेगी, जब सहजता-सरलता से समाज से रूबरू हो पायेगी। जनता से खुला संवाद कर पायेगी और अधिकारियों पर जायज कार्यों के लिये दबाव बना पायेगी। निश्चित रूप से ऐसे चित्र, जिनमें पर्दानशीं स्त्री पद की शपथ लेते नजर आती हो, देश-दुनिया में अच्छा संदेश कदापि नहीं देंगे। यदि पुरुष महज अपनी सीट आरक्षित होने की वजह से लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी की बात कर रहे हैं तो निश्चित रूप से इससे महिलाओं के अधिकार सार्थक नहीं होंगे। फिर पंचायत चुनावों में महिलाओं की भागीदारी का उद्देश्य भी निरर्थक ही साबित होगा।*

*यह प्रसंग परेशान करता है कि देश की प्रगतिशील राष्ट्रीय राजधानी की आबोहवा से तीन तरफ से जुड़ा हरियाणा बदलते समय के साथ क्यों कदमताल करने से परहेज कर रहा है। वह भी उस हरियाणा में जहां की बेटियां अंतरिक्ष से लेकर वैश्विक खेल स्पधाओं में नये मानक स्थापित कर रही हैं। यहां के परिवारों ने तमाम पौरुष प्रतीक माने जाने वाले खेलों मसलन कुश्ती और मुक्केबाजी स्पधाओं में बेटियों को उतारा है। वे दुनिया के तमाम मुकाबलों से सोने-चांदी के तमगों के साथ हरियाणा ही नहीं पूरे देश को गौरवान्वित कर रही हैं। कोई खेल नहीं जहां हरियाणवी बेटियां दमखम न दिखा रही हों। ऐसे में महिला पंचायत प्रतिनिधियों को परंपराओं में बांधना उनकी योग्यता व प्रतिभा को नकारने जैसा है। निस्संदेह, 21वीं सदी के भारत में जब सेना ने महिलाओं के लिये अपने दरवाजे खोल दिये हैं, हर क्षेत्र में महिलाओं की सशक्त भागीदारी है, तो अपने गांव में अपने लोगों के बीच तो कम से कम उसे अभिव्यक्त होने का अवसर मिले। इस तथ्य को स्वीकारते हुए कि महिलाएं लोकसेवा के कार्यों को अधिक संवेदनशीलता व ईमानदारी के साथ अंजाम दे सकती हैं। निस्संदेह, यदि छोटी संसद में महिलाओं की उपस्थिति, अभिव्यक्ति व सक्रियता सशक्त होती है तो बड़ी संसद में महिलाओं के आरक्षण का आधार भी मजबूत होगा। तब कोई न कह सकेगा कि महिलाओं का सार्वजनिक जीवन में प्रतिनिधित्व प्रतीकात्मक ही होता है। यह भी कि काम-काज तो घर के पुरुष ही चलाते हैं।*

# विस्तारा और एयर इंडिया का विलय फायदे की डील कैसे?

टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस और उसकी पार्टनर सिंगापुर एयरलाइंस (एसआईए) के बीच एयर इंडिया और विस्तारा के विलय पर सहमति बन गई है, जिसकी पहले से आशा की जा रही थी। इस विलय के वित्त वर्ष 2024 में पूरा होने की आशा है और इसके बाद देश की दूसरी बड़ी एयरलाइन वजूद में आएगी। एयर इंडिया और विस्तारा का विलय टाटा ग्रुप के साथ देश की एविएशन इंडस्ट्री के लिए भी अच्छी खबर है। टाटा ग्रुप के लिए अच्छी खबर इसलिए क्योंकि वह इससे एयर इंडिया को वर्ल्ड क्लास एयरलाइन बनाने की उम्मीद कर रहा है। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने यह बात कही भी। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों एयरलाइन कंपनियों के विलय से कस्टमर सर्विस में भी बेहतरी आएगी। इसका एक फायदा यह भी हो सकता है कि एविएशन सेक्टर में प्रतिस्पर्धा बढ़े, जिससे यात्रियों को सस्ती सेवा मिलने की आशा की जा सकती है। अभी इंडिगो देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी है। टाटा ग्रुप उम्मीद कर रहा होगा कि विलय के बाद इंडिगो को एयर इंडिया मजबूत टक्कर दे पाएगी। इसमें विलय की वजह से सिंगापुर एयरलाइंस की ओर से लगाई जाने वाली पूंजी से मदद मिलेगी। सिंगापुर एयरलाइंस, एयर इंडिया में 5,020 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एयर इंडिया इसका इस्तेमाल नए विमान खरीदने में कर सकती है। अभी कंपनी के पास जो विमान हैं, वे पुराने पड़ चुके हैं।

खुद टाटा ग्रुप आसानी से पूंजी जुटा सकता है। इसका मतलब यह है कि एयर इंडिया को आधुनिक बनाने में पैसा आड़े नहीं आएगा। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि विलय के बाद एयर इंडिया की मुश्किलें खत्म हो जाएंगी। पहले यह पब्लिक सेक्टर की कंपनी थी, जैसा कि अक्सर ऐसी कंपनियों में होता है, इनमें कर्मचारियों की संख्या ज्यादा है। हो सकता है कि विलय के बाद एयर इंडिया का ऑर्गनाइजेशनल स्ट्रक्चर बेहतर हो और इससे कंपनी को लागत घटाने में भी मदद मिल सकती है। एविएशन बहुत चुनौतीपूर्ण इंडस्ट्री है। ऐसे में लागत कम होने से भविष्य में एयर इंडिया के विस्तार में टाटा ग्रुप को मदद मिलेगी। दुनिया के दूसरे देशों का सबक भी बताता है कि एविएशन इंडस्ट्री में संख्या कम होने से कंपनियों के लिए कारोबारी मौके बेहतर होते हैं। भारत में पहले किंगफिशर और जेट एयरवेज जैसी कंपनियां दिवालिया होने की वजह से कारोबार से बाहर हो गई थी, जिनमें से जेट एयरवेज को फिर से रिवाइव करने की कोशिश हो रही है। इससे खासतौर पर इस क्षेत्र में बची हुई कंपनियों के लिए बेहतर मौका बना है। एयर इंडिया इसका लाभ लेने की कोशिश तो कर ही रही है, विस्तारा के साथ विलय के बाद वह विदेशी कंपनियों से भी बाजार छीनने की पहल कर सकती है।

# फिर भी उम्मीदें... !

*अब यह गति अपने मूल स्वरूप में लौट रही है। यद्यपि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की हालिया घोषित विकास दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में आई 13.5 फीसदी दर से कम है मगर स्वीकार करना चाहिए कि अर्थव्यवस्था संकुचन के नकारात्मक प्रभावों के चपेट में आई है। जाहिर है महंगाई बढ़ने तथा वैश्विक विषम परिस्थितियों से मांग में गिरावट का असर दिखाई दिया है।*

जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में भले ही देश की जीडीपी दर 6.3 फीसदी रही हो, इसके बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। हालांकि, विकास दर मौद्रिक नीति समिति के अनुमानों से मेल खाती है, लेकिन यह पिछले वर्ष इसी अवधि में सामने आई 8.4 की वृद्धि से कम है। कह सकते हैं कि पिछले वर्ष में वृद्धि उस समय दर्ज की गई जब अर्थव्यवस्था कोरोना संकट से तेजी से उबर रही थी। अब यह गति अपने मूल स्वरूप में लौट रही है। यद्यपि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की हालिया घोषित विकास दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में आई 13.5 फीसदी दर से कम है मगर स्वीकार करना चाहिए कि अर्थव्यवस्था संकुचन के नकारात्मक प्रभावों के चपेट में आई है। जाहिर है महंगाई बढ़ने तथा वैश्विक विषम परिस्थितियों से मांग में गिरावट का असर दिखाई दिया है। लेकिन हमारी बड़ी चिंता विनिर्माण और खनन क्षेत्र में आई गिरावट होनी चाहिए। दरअसल, विनिर्माण के क्षेत्र में 4.3 फीसदी तथा खनन में 2.8 फीसदी का संकुचन देखा गया है। निस्संदेह विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट नीति-नियंताओं की गंभीर चिंता का कारण होना चाहिए क्योंकि यह रोजगार सृजन का प्रमुख क्षेत्र भी है और देश की खपत को प्रभावित करता है। यही वजह है कि विनिर्माण क्षेत्र में संकुचन, उच्च मुद्रास्फीति और बढ़ते व्यापार घाटे ने देश की अर्थव्यवस्था के परिदृश्य में चिंता उत्पन्न की है। दरअसल, देश की औद्योगिक विकास दर पिछले छह साल से लगातार संकुचित होती रही है। इसको चीन के साथ लगातार बढ़ते व्यापार घाटे के संदर्भ में भी देखा जाना चाहिए क्योंकि हम घरेलू उत्पाद को प्राथमिकता देने के बजाय चीनी आयात पर निर्भर होते जा रहे हैं। इस साल के पहले नौ महीनों में चीन के साथ व्यापार घाटा 76 अरब डालर होना चिंता की बात है। सही मायनों में देश की औद्योगिक नीति की नये सिरे से समीक्षा की तत्काल जरूरत है। यह क्षेत्र रोजगार सृजन का बड़ा जरिया होने के कारण खासा महत्व रखता है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि देश के सबसे भरोसेमंद कृषि क्षेत्र में 4.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद हुई है, जिन्होंने पूरी दुनिया के विकास को धीमा कर दिया है। इसमें रूस-यूक्रेन युद्ध की भी बड़ी भूमिका है, जिसके चलते पेट्रो उत्पादों के दाम कुलांचे भरते रहे हैं। जहां यह क्षेत्र देश में खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित करता है वहीं रोजगार का भी बड़ा जरिया भी है। कृषि क्षेत्र से जुड़े उद्योगों में पूंजी निवेश बढ़ाकर अर्थव्यवस्था को गति दी जा सकती है। हालांकि, देश के शीर्ष अर्थशास्त्री भरोसा दिला रहे हैं कि देश की अर्थव्यवस्था अपने सात फीसदी के लक्ष्य को सहजता से हासिल कर लेगी। उन्हें विश्वास है कि अगली दो तिमाहियों में अर्थव्यवस्था बेहतर परिणाम देगी। देश का केंद्रीय बैंक भी भरोसा जता रहा है कि चौथी तिमाही तक देश की अर्थव्यवस्था अपनी पुरानी लय में लौट आएगी। सरकार को महंगाई के स्तर पर नियंत्रण के लिये अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत है। रुपये के मूल्य में कमी तथा बढ़ी ब्याज दरें भी महंगाई रोकने के मार्ग में बाधक बनी हैं। इसके अलावा वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में मंदी के बावजूद भारतीयों की खपत बढ़ने से घरेलू बाजार में मांग बढ़ी है। इससे विदेशी निवेश में भी सुधार देखा जा रहा है। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि देश की अर्थव्यवस्था कोरोना के प्रभावों से मुक्त होकर यथाशीघ्र अपनी पुरानी लय में लौटेगी, जिससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि से कोरोना काल में गरीबी की रेखा के नीचे जाने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार का प्रयास किया जा सके। तब बाजार में मांग व आपूर्ति का संतुलन कायम हो सकेगा। लेकिन जरूरी है कि देश के औद्योगिक क्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण किया जाये ताकि निर्यात बढ़ाने की दिशा में भी पहल हो सके।

इससे एक ओर जहां रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, वहीं निर्यात से विदेशी मुद्रा भंडार को भी मजबूती मिलेगी। बहरहाल, जब दुनिया की तमाम बड़ी अर्थव्यस्थाएं सुस्ती की चपेट में हैं, हमारी विकास दर भरोसा जगाती है।



# मुंबई एयरपोर्ट से 4712 ग्राम सोना जब्त

## 2.5 करोड़ आंकी गई कीमत, 3 आरोपी गिरफ्तार...

मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से कस्टम विभाग ने 4712 ग्राम सोना जब्त किया है. इसकी अवैध तस्करी करने के आरोप में 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. जब्त किए गए सोने की कीमत 2.5 करोड़ रुपये के आसपास है. इस बात की जानकारी अधिकारियों ने दी.

अधिकारियों ने बताया, 2 अलग-अलग मामलों में कुल 4712 ग्राम सोना जब्त किया गया है. तलाशी के दौरान विशेष रूप से डिजाइन किए गए अंडर गारमेंट्स में छिपाकर रखा गया 1872 ग्राम सोना और फ्लाइट के टॉयलेट में छिपाकर रखा गया 2840 ग्राम सोना बरामद किया गया. सोने की तस्करी के इन दो मामलों में कुल 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और आगे की जांच जारी है.





### अंडरगारमेंट्स में छिपाकर सोने की तस्करी

अधिकारियों ने बताया कि उन्हें एक गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग एयरपोर्ट से अवैध तरीके से सोने की तस्करी करने वाले हैं. सूचना मिलने के बाद अधिकारियों ने तस्करों को पकड़ने के लिए विशेष तलाशी सर्च ऑपरेशन चलाया. इस दौरान उन्हें कुछ लोगों पर शक हुआ. तलाशी लेने पर इन लोगों के पास अवैध सोना बरामद हुआ. अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने बड़ी ही चालाकी से सोने की तस्करी करने का प्लान बनाया था. इनमें से एक मामले में आरोपी ने सोने की अवैध तस्करी करने के लिए विशेष रूप से अंडर गारमेंट्स डिजाइन किया था. तलाशी के दौरान आरोपी की अंडर गारमेंट्स से 1872 ग्राम सोना बरामद किया गया.

### पिछले महीने भी 7 लोग हुए गिरफ्तार

**गौरतलब है कि इससे पहले पिछले महीने ही मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने एक ही दिन में 61 किलो सोना जब्त किया था, जिसका बाजार में कीमत 32 करोड़ रुपए बताई गई थी. कस्टम विभाग ने 11 नवंबर को दो अलग-अलग मामलों में सात लोगों को गिरफ्तार किया था, जिसमें से दो महिलाएं भी शामिल थीं. मुंबई एयरपोर्ट कस्टम के इतिहास में एक दिन में ये अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी है.**

### फ्लाइट के टॉयलेट से मिला सोना...

**इसके अलावा दूसरे मामले में एक शख्स फ्लाइट के टॉयलेट में 2840 ग्राम सोना छिपाकर ले जाने की फिराक में था. सर्च ऑपरेशन के दौरान अधिकारियों को फ्लाइट के टॉयलेट से सोना बरामद हुआ. कस्टम विभाग ने सोने की तस्करी करने के इन दोनों ही मामलों में कुल तीन लोगों को हिरास्त में लिया है. गिरफ्तार किए गए लोगों से पूछताछ कर आगे की जांच की जा रही है. वहीं, पुलिस ने इन आरोपियों को खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है.**

# नागपुर में महिला पर हुआ एसिड अटैक...!

## ढाई साल का बच्चा भी झुलसा

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के नागपुर में एक महिला पर तेजाब फेंकने का मामला सामने आया है. यह घटना रविवार सुबह साढ़े 8 बजे की है. जानकारी के अनुसार महिला अपने ढाई साल के बच्चे के साथ जा रही थी तभी नकाबपोश बाइक सवारों ने तेजाब से हमला कर दिया. इस हमले में महिला का हाथ झुलस गया है वहीं उसका बच्चा गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है. दोनों का इलाज नागपुर के ही एक अस्पताल में चल रहा है.

जानकारी के अनुसार, पीड़िता खाना बना रही थी तभी किसी शख्स ने उसे कॉल किया और उसे उसके पति के अ वै ध।



संबंधों के बारे में जानकारी दी. उस अज्ञात व्यक्ति ने उसे साक्ष्य दिखाने के बहाने से आउटर रिंग रोड पर एक स्कूल के पास बुलाया और इंतजार करने के लिए कहा. पीड़िता ने उस पर यकीन किया और उस पते पर पहुंचने के लिए वह घर से निकल गई तभी बीच रास्ते में उस पर हमला किया गया. पीड़िता की पहचान लताबाई पुराणिक वर्मा (24) के तौर पर हुई है जिसका ढाई साल का बेटा वंश वर्मा भी अपनी मां के साथ घायल हो गया है. मां-बेटे गली नंबर 1, विनोबा भावेनगर के निवासी हैं. यहां से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर बाइक सवारों ने दोनों पर हमला किया. महिला की चीख सुनकर आरोपी फरार हो गए और इलाके में हड़कंप मच गया. हमले की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है. फिलहाल, पुलिस इस घटना के जांच में जुट गई है और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर चुकी है.

# मुंबई में नाबालिग लड़के की साइकिल से टक्कर के बाद दो गुटों में झड़प...!


## इलाके में तनावपूर्ण स्थिति



**मुंबई :** मुंबई के सांताक्रूज इलाके में साइकिल सवार एक नाबालिग लड़के ने 45 वर्षीय एक व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिसके बाद दो समूह आपस में भिड़ गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना रविवार रात को हुई जब शख्स एक मस्जिद के सामने खड़ा था। वकोला पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि इसके बाद उसने कथित तौर पर लड़के को थप्पड़ मारा और साइकिल को अपने कब्जे में ले लिया। लड़के ने घर जाकर अपने पिता को घटना की जानकारी दी, जो अन्य लोगों के साथ मौके पर गए और उस व्यक्ति पर कथित रूप से हमला किया, जिसने उनके बेटे को थप्पड़ मारा था। अधिकारी ने कहा कि 45 वर्षीय व्यक्ति और उसके समर्थकों ने दूसरे समूह के सदस्यों की भी पिटाई की और उन पर पथराव किया।

# मुंबई/ 500 करोड़ रुपए के आईफोन की तस्करी...!

## 200 करोड़ की कस्टम ड्यूटी चोरी का आरोप



**मुंबई :** राजस्व खुफिया निदेशालय ने एक कंपनी के मालिक को 500 करोड़ रुपए के आईफोन की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने आईफोन तस्करी के जरिए 200 करोड़ रुपए कस्टम ड्यूटी की चोरी की है। पिछले साल डीआरआई ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एयर कार्गो परिसर में 3,600 आईफोन जब्त किया था। इस मामले की जांच में कंपनी मालिक दिनेश सालेचा की भूमिका सामने आयी। वह मुंबई के ताड़देव इलाके का रहने वाला है। आरोपी और उसके गिरोह ने पिछले साल कंप्यूटर के पुर्जे और मेमोरी कार्ड घोषित कर 500 करोड़ रुपए के आईफोन की तस्करी की थी।

### कंपनी मालिक की गिरफ्तारी अवैध

सालेचा को जब अदालत में पेश किया गया, तो बचाव पक्ष ने आरोप लगाया कि कंपनी मालिक की गिरफ्तारी अवैध है। केंद्र सरकार (डीआरआई) की ओर से विशेष सरकारी अधिवक्ता अमित मुंडे ने इस आरोप का खंडन किया। उन्होंने कहा कि डीआरआई को तलब करने और जांच करने का अधिकार है। आरोपी को उस अधिकार के तहत समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया गया था।







## मेरे इस विश्वास ने मुझे इतने साल तक जीवित रखा कि मैं निर्दोष हूं-नलिनी

# जेल से छूटते ही कैसे राजीव के हत्यारे नलिनी और रविचंद्रन ने रंग बदल दिया...!

## नलिनी श्रीहरन और आर पी रविचंद्रन समेत 6 दोषियों की समय पूर्व रिहाई





**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने राजीव गांधी हत्या मामले में नलिनी श्रीहरन और आर पी रविचंद्रन समेत 6 दोषियों की समय पूर्व रिहाई का निर्देश पिछले शुक्रवार को दिया। जेल से रिहा होते ही रविचंद्रन और नलिनी ने 'विक्टिम कार्ड' खेलना शुरू कर दिया है। जेल से रिहा होने के बाद रविचंद्रन ने कहा कि उत्तर भारत के लोगों को हमें आतंकी या हत्यारे के तौर पर देखने की बजाय पीड़ित के रूप में देखना चाहिए। वहीं नलिनी ने दावा किया कि उसके इस दृढ़ विश्वास ने उसे इतने वर्षों तक जीवित रखा कि वह निर्दोष है। नहीं तो मैं अपनी जीवन लीला समाप्त कर लेती। क्या आपको लगता है कि मैंने पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या की है। मेरे ऊपर हत्या के 17 मामले दर्ज किए गए हैं।

**नहीं तो मैं अपनी जीवन लीला समाप्त कर लेती**

महिलाओं की विशेष जेल से रिहा होने के बाद 55 वर्षीय नलिनी श्रीहरन वेल्लोर की जेल से रिहा होने के तुरंत बाद नलिनी वेल्लोर केंद्रीय जेल गई, जहां से उसके पति वी. श्रीहरन उर्फ मुरुगन को रिहा किया गया। नलिनी ने कहा कि 32 वर्षों के दौरान जेल में यह साल एक नारकीय अनुभव था। मेरे इस विश्वास ने ही मुझे इतने साल तक जीवित रखा कि मैं निर्दोष हूं। नलिनी ने लंदन में अपनी बेटी के पास जाने और भविष्य में अपने पति और बेटी की देखभाल की इच्छा जताई। नलिनी श्रीहरन ने कहा कि प्रियंका गांधी ने उनसे वर्ष 2008 में जेल में मुलाकात के दौरान अपने पिता राजीव गांधी की हत्या के बारे में पूछा।

नलिनी ने मुलाकात के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए संवाददाताओं से कहा कि प्रियंका गांधी जब एक दशक पहले वेल्लोर केंद्रीय कारागार में उनसे मिलीं तो वे भावुक हो गईं और रो पड़ीं। फिलहाल कांग्रेस पार्टी की नेता गांधी ने नलिनी से मुलाकात के दौरान अपने पिता की हत्या के बारे में जानना चाहा था। नलिनी ने कहा कि वह जो कुछ भी जानती थी, उसके बारे में उन्हें बता दिया। उसने कहा कि मुलाकात में हुई अन्य बातों का खुलासा नहीं किया जा सकता क्योंकि यह प्रियंका के निजी विचारों से संबंधित है। नलिनी को 12 नवंबर को उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद रिहा कर दिया गया था।

### उत्तर भारत के लोगों को हमें आतंकवादी की तरह नहीं पीड़ित के रूप में देखना चाहिए

**रिहाई के बाद रविचंद्रन ने कहा कि समय और सत्ता यह तय करती है कि कौन आतंकवादी है और स्वतंत्रता सेनानी है। समय बताएगा कि हम निर्दोष हैं चाहे हम आतंकवादी होने का ही आरोप क्यों न हो। 3 दशक बाद जेल से बाहर आने के बाद रविचंद्रन ने कहा कि समय हमें निर्दोष के रूप में आंकेगा। रविचंद्रन ने कहा कि उत्तर भारत के लोगों को हमें आतंकवादियों या हत्यारों की तरह नहीं बल्कि पीड़ित के रूप में देखना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने राजीव गांधी हत्याकांड में करीब तीन दशक से उम्रकैद की सजा काट रही नलिनी और 5 अन्य शेष दोषियों को समय से पहले रिहा करने का शुक्रवार को निर्देश दिया था।**

## राजीव गांधी हत्या मामले का घटनाक्रम

**सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राजीव गांधी हत्या मामले में नलिनी श्रीहरन और आर पी रविचंद्रन सहित शेष छह दोषियों की समय पूर्व रिहाई का शुक्रवार को निर्देश दिया। मामले का घटनाक्रम इस प्रकार हैः-**

**21 मई 1991:** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरम्बुदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर ने हत्या कर दी, जिसकी पहचान धनु के रूप में की गई।

**24 मई 1991:** मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपी गई।

**11 जून 1991:** सीबीआई ने ए जी पेरारिवलन को गिरफ्तार किया, उसके खिलाफ आतंकवाद एवं विध्वंसकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (टाडा) के तहत मामला दर्ज किया।

**28 जनवरी 1998:** टाडा अदालत ने पेरारिवलन सहित 26 आरोपियों को मौत की सजा सुनाई।

**11 मई 1999:** सुप्रीम कोर्ट ने पेरारिवलन की दोषसिद्धि और सजा को बरकरार रखा।

**आठ अक्टूबर 1999:** सुप्रीम कोर्ट ने पेरारिवलन की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी।

अप्रैल 2020: तमिलनाडु के राज्यपाल ने राज्य सरकार की सिफारिश और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एवं राजीव गांधी की पत्नी सोनिया गांधी की अपील पर मौत की सजा को उम्रकैद में तब्दील कर दिया।

**12 अगस्त 2011:** पेरारिवलन ने संविधान के अनुच्छेद 72 के तहत राष्ट्रपति के समक्ष दया याचिका दायर की, जिसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद, पेरारिवलन ने मद्रास उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की।

**एक मई 2012:** हाई कोर्ट ने मामला उच्चतम न्यायालय को स्थानांतरित कर दिया।

**18 फरवरी 2014:** सुप्रीम कोर्ट ने पेरारिवलन के साथ-साथ दो अन्य कैदियों--संथन और मुरूगन--की मौत की सजा को इस आधार पर उम्रकैद में तब्दील कर दिया कि केंद्र ने उनकी दया याचिका पर विचार करने में 11 वर्षों की देरी की।

**30 दिसंबर 2015:** पेरारिवलन ने अपनी सजा घटाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 161 के तहत याचिका दायर की।

**9 सितंबर 2018:** तमिलनाडु मंत्रिमंडल ने पेरारिवलन की रिहाई की सिफारिश करते हुए प्रस्ताव पारित किया, जिसे राज्यपाल को भेजा गया।

**25 जनवरी 2021:** उच्चतम न्यायालय ने पेरारिवलन के 31 साल से अधिक समय जेल में बिताने पर गौर करते हुए उसे जमानत पर रिहा कर दिया।

**18 मई 2022:** उच्चतम न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिली शक्तियों का उपयोग करते हुए पेरारिवलन की रिहाई का आदेश दिया।

**12 अगस्त 2022:** नलिनी श्रीहरन और रविचंद्रन ने उच्चतम न्यायालय का रुख कर समय से पहले रिहाई का अनुरोध किया।

**26 सितंबर 2022:** उच्चतम न्यायालय नलिनी और रविचंद्रन की समय पूर्व रिहाई की अर्जी पर केंद्र, तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी किया।

**11 नवंबर 2022:** उच्चतम न्यायालय ने मामले में नलिनी श्रीहरन और रविचंद्रन सहित शेष छह दोषियों की समय पूर्व रिहाई का निर्देश देते हुए कहा कि तमिलनाडु सरकार ने उनकी कैद की अवधि घटाने की सिफारिश की है।

# महिला कॉन्स्टेबल को गलत तरीके से छूने के लिए शख्स को एक साल की जेल की सजा

**मुंबईः** चलती बस में एक महिला कांस्टेबल को अनुचित तरीके से छूने के लिए 50 वर्षीय व्यक्ति भीमराव गायकवाड़ को बल्लार्ड पियर मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सजा सुनाई थी। सजा के हिस्से के रूप में, अदालत ने आरोपी को एक साल के लिए ''कठोर सजा'' देने का आदेश दिया और उसे मुआवजे के रूप में 1,000 रुपये देने को कहा। मुकदमे के दौरान अदालत ने कहा, ''आजकल महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। अपराध की प्रकृति और रिकॉर्ड में मौजूद सबूतों को देखते हुए, यह पता चला है कि पीड़िता आबकारी विभाग में कार्यरत एक महिला कांस्टेबल है।'' उन्होंने



आगे कहा, ''चश्मदीदों के साक्ष्य से यह स्पष्ट है कि आरोपी ने चलती बस में पीड़िता की कमर के नीचे कूल्हे को छुआ है। अभियोजन पक्ष के गवाहों की विश्वसनीयता को हिला देने के लिए केवल इनकार पर्याप्त नहीं है।'' मजिस्ट्रेट बीवी बारावकर ने कहा कि मुकदमे के दौरान आरोपी गायकवाड़ ने शराब के नशे में होने के संबंध में कोई बचाव नहीं किया, बल्कि सजा सुनाए जाने के समय ही ऐसा किया। नतीजतन, अदालत ने तर्क को खारिज कर दिया। घटना 9 दिसंबर, 2015 को शाम करीब 5.30 बजे हुई जब आरोपी और पीड़िता मुंबई की बेस्ट बस में सफर कर रहे थे। आरोपी कथित तौर पर पीड़िता के पीछे बैठा था। पीड़िता को दो सीटों के बीच की खाई से कमर के नीचे उसके कूल्हे को छूने वाला हाथ महसूस हुआ। जबकि पहली बार में वह असहज महसूस कर रही थी, उसने तुरंत दूसरी बार अपराधी का हाथ पकड़ा और मदद के लिए चिल्लाई। पीड़िता के चिल्लाने के बाद बस चालक ने पास के एक पुलिस स्टेशन में बस को रोक दिया और आगे की जांच के लिए एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया.

# एक किलो सोना, यूएई की करंसी...

## मुंबई एयरपोर्ट पर चकमा देकर ग्वालियर पहुंच गए यूपी के चार लोग

**मुंबई :** मुंबई से तस्करी कर ग्वालियर लाया जा रहा एक किलो से ज्यादा सोना एयरपोर्ट पर पकड़ा गया है। इस मामले में उत्तर प्रदेश के रामपुर के टांडा के रहने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस बरामद सोने की कीमत लगभग साठ लाख रुपए बताई गई है। पुलिस पकड़े गए लोगों से पूछताछ कर रही है। दरअसल, डायरेक्टर रेवेन्यू इंटेलिजेंस केपी सिंह ने एसपी ग्वालियर अमित सांघी को सूचना दी थी। उन्होंने कहा था कि मुंबई से ग्वालियर आने वाली इंडिगो एयर बस की फ्लाइट में कुछ यात्री अवैध रूप से सोना तस्करी करके ला रहे हैं।

इस सूचना पर पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया गया। एयरपोर्ट सुरक्षा



में तैनात सीआईएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट कौशलेंद्र सिंह कौल और कस्टम अधिकारी एसके आर्य के साथ समन्वय बनाते हुए चेकिंग शुरू की। मुंबई से आने वाली एयर बस के यात्रियों की चेकिंग शुरू हुई तो चार संदिग्ध दिखे। चारों को अलग कक्ष में ले जाया गया। वहां उनकी तलाशी हुई तो उनके पास से 4 लेड पेंसिल मिलीं, जिसे उन्होंने अपने कपड़े में छुपा कर रखी हुई थी। सोने का कुछ हिस्सा पेस्ट के रूप में पैकिंग करके इन लोगों ने अपने शरीर से चिपकाया हुआ था। इनमें से सोने को निकालकर जब उसका वजन लिया गया तब वह एक किलोग्राम से ज्यादा निकला। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश के रामपुर के टांडा में रहने वाले चार लोगों को पकड़ा गया है। पकड़े गए लोगों में मोहम्मद अनीस, मंजूर आलम, अनवर अली और रिसालत अली शामिल है।






**मेष** – लंबे समय से चली आ रही अपनी बीमारी का इलाज अपनी मुस्कान से करें, क्योंकि यह सभी परेशानियों की सबसे कारगर दवा है. समूहों में शिरकत दिलचस्प, लेकिन खचीर्ली रहेगी, खास तौर पर अगर आप दूसरों पर खर्च करना नहीं बन्द करेंगे तो. मुमकिन है कि आप अपने घर में या उसके आस-पास आज कुछ बड़े बदलाव करें. मतभेद के चलते व्यक्तिगत संबंधों में दरार पड़ सकती है. आप चाहें तो परेशानियों को मुस्कुराकर दरकिनार कर सकते हैं या उनमें फँसकर परेशान हो सकते हैं. चुनाव आपको करना है. लोगों की दखलअन्दाजी वैवाहिक जीवन में परेशानी खड़ी कर सकती है. जीवनसाथी को हर खुशी देने वाले हैं. लव लाइफ में आपसी रिश्ता मधुर होगा. पार्टनर के निजी काम से बाहर जाने वाले हैं. प्रेमिका का प्यार भरा संदेश मिलेगा. प्रेमी किसी रोमांटिक जगह की सैर पर ले जा सकता है.

**वृष** – आप अपनी बात सही ढ़ंग से रखने में सफल होंगे. इस राशि के शिक्षा जगत से जुड़े लोगों को सफलता प्राप्त होगी. आपकी सेहत में सुधार होगा. छोटी-छोटी बातों में खुशी तलाशने का अवसर प्राप्त होगा . इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को काफी मान-सम्मान मिलेगा. आपकी बातों से लोग काफी प्रभावित होंगे . गणेश जी को दूर्वा चढ़ाएं, आपकी सारी मनोकामनाएं पूरी होंगी. लव पार्टनर के बिताया गया समय यादगार साबित होगा. प्रेमिक के साथ रोमांटिक यादों को समेटने वाले हैं. साथी के साथ रिश्ता मजबूत करने का मौका मिलेगा. पारिवारिक आर्थिक बजट बिगड़ने के कारण पत्नी से मनमुटाव होगा.

**मिथुन** – कानूनी अड़चन दूर होगी. जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा. आर्थिक मोर्चे पर दिन कुछ खास नहीं है. पैसों की दिक्कत आ सकती है. धन की कमी के कारण आज आपका कोई काम अधूरा रह सकता है. पारिवारिक स्तर पर काफी उतार-चढ़ाव भरा दिन हो सकता है. कामकाज का दबाव अधिक होने की वजह से शारीरिक स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है, इसलिए आप अपनी सेहत को नजरअंदाज मत कीजिए. साथ को कुछ अच्छा गिफ्ट भेंट करने वाले हैं. प्रेमिका को समय न देने के कारण आपसी मनमुटाव हो सकता है. घरेलू किसी बात को लेकर जीवनसाथी से विवाद होगा. लव लाइफ में टेंशन बना रहेगा.

**कर्क** – मानसिक दबाव के बावजूद आपकी सेहत अच्छी रहेगी. आप खुद को नए रोमांचक हालात में पाएंगे जो आपको आर्थिक फायदा पहुँचाएंगे. नाती-पोतों से काफी खुशी मिल सकती है. आपका बेपनाह प्यार आपके प्रिय के लिए बेहद कीमती है. मुमकिन है कि आपके अतीत से जुड़ा कोई शख़्स आपसे संपर्क करेगा और इस दिन को यादगार बना देगा. आपको महसूस होगा कि आपका जीवनसाथी इससे बेहतर पहले कभी नहीं हुआ. लव पार्टनर की चाहत तो महसूस होगी परंतु उनका साथ मिलना मुश्किल होगा. नव विवाहित दंपत्ति धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं.

**सिंह** – किसी से पैसों का लेन-देन करने से बचे रहें . कोर्ट-कचहरी के कुछ काम अधूरे रह सकते हैं . कोई नया विचार आपको परेशान कर सकता है . आप कुछ कामों को लेकर असमंजस की स्थिति में रहेंगे. आपको कुछ नए मौके मिल सकते हैं, लेकिन सही समय पर मौकों को पहचानने की जरूरत है . आपको सफलता के लिये सही दिशा में मेहनत करनी होगी. गाय को रोटी खिलाएं, आपकी सभी परेशानियों का समाधान निकलेगा . जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जाने की योजना है. लव पार्टनर के साथ किसी मनमोहक जगह पर घूमने जा सकते हैं. प्रेमी को आपकी किसी बात से नाराजगी हो सकती है. शादीशुदा लाइफ में लव पार्टनर से साथ यादगार समय बिताने वाले हैं.

**कन्या** – आज आप मानसिक तौर पर एक्टिव रहेंगे. कुछ नए मौके भी आपके सामने आ सकते हैं. आप अपनी अच्छी वाणी से सबका दिल जीत लेंगे. आपके माता पिता आपसे जुड़ा कोई महत्वपूर्ण फैसला ले सकते हैं. विद्यार्थियों को सफलता मिल सकती हैं. आमदनी अच्छी होगी लेकिन खर्चों में वृद्धि संभव है. चाहते हुए भी आप किसी बड़े खर्चे को रोक नहीं पाएंगे. अटके हुए मुनाफे प्राप्त होने में विलंब हो सकता है. लव पार्टनर के साथ पिकनिक पर जाने की योजना सफल होगी. लव लाइफ में कुछ पहलुओं पर उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है. वैवाहिक जीवन शांतिपूर्ण बीतेगा. ससुराल पक्ष से आर्थिक लाभ भी हो सकता है.

**तुला** – आपके खर्चे बजट को बिगाड़ सकते हैं और इसलिए कई योजनाएँ बीच में अटक सकती हैं. आपका मजाकिया स्वभाव सामाजिक मेल-जोल की जगहों पर आपकी लोकप्रियता में इजाफा करेगा. मुमकिन है कि आपकी आँखें किसी से चार हो जाएँ अगर आप अपने सामाजिक दायरे में उठेंगे-बैठेंगे तो. सेमिनार और प्रदर्शनी आदि आपको नई जानकारियाँ और तथ्य मुहैया कराएंगे. कुछ लोग सोचते हैं कि वैवाहिक जीवन ज्यादातर झगड़ों और सेक्स के इर्द-गिर्द ही घूमता है, लेकिन आज आपके सब कुछ शान्त रहने वाला है. पार्टनर के साथ रोमांटिक यात्रा पर जाने का प्लान कर सकते हैं. जीवनसाथी से खुलकर हर बात शेयर करने वाले हैं. प्रेमिका के प्रति आकर्षण बढ़ेगा. अविवाहित जातक शादी के लिए हामी भर सकते हैं.

**वृश्चिक** – माता-पिता का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा. आप जीवन में आगे बढ़ेंगे . खुद को तरोताजा महसूस करेंगे . इस राशि के छात्रों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे . अपने काम को नये तरीके से पूरा करना चाहेंगे . आपकी कोशिशें सफल रहेगी . बच्चों के लिए योजना बनाने के लिहाज से आज का दिन अच्छा है . जरूरतमंद को वस्त्र दान करें, सारे काम पूरे होंगे . आप अपने लव पार्टनर को यह एहसास दिलाने में कामयाब होंगे कि उनसे कितना प्यार करते हैं. वैवाहिक जीवन में खट्टे-मीठे अनुभव मिलने वाले हैं. शादीशुदा लोगों को ससुराल से शुभ समाचार सुनने को मिलेगा.

**धनु** – अचानक आपको किसी छोटी यात्रा पर जाना पड़ सकता है. सिंगल लोग किसी को प्रपोज करने की सोच रहे हैं तो थोड़ा रुके. मिले-जुले कुछ बेहतर अवसर आपको प्राप्त होने वाला है. कुछ बड़े कार्य के आसानी से खत्म होते हुए देखने को मिल सकते है. मायके की ओर से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे. घर में प्रफुल्लितता का माहौल होगा. परिजनों के साथ मतभेद गहरे होंगे. यदि आप उग्र होकर आप बात करेंगे तो मामला बिगड़ सकता है. बेहतर होगा शांत रहें. आज आप चाहने वाले को भरपूर खुशी देने वाले हैं. अगर आप पार्टनर की भावनाओं का सम्मान करेंगे तो रिश्ता और भी मजबूत होगा. लव लाइफ में उत्साहित रहने वाले हैं. पत्नी किसी बात को लेकर नाराज हो सकती है.

**मकर** – कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों का दबाव और घर में अनबन के चलते आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है जो काम में आपकी एकाग्रता को भंग करेगा. प्राप्त हुआ धन आपकी उम्मीद के मुताबिक नहीं होगा. बच्चों के साथ विवाद मानसिक दबाव का कारण बन सकता है खुद को एक बिन्दु से ज्यादा तनाव में न डालें, क्योंकि कुछ मसले तभी सही रहते हैं जब उनमें दखल न दिया जाए. अपने प्रिय के बिना समय बिताने में दिक़्कत महसूस करेंगे. चीजों और लोगों को तेजी-से परखने की क्षमता आपको दूसरों से आगे बनाए रखेगी. किसी के प्रभाव में आकर आपका जीवनसाथी आपसे झगड़ सकता है, लेकिन प्यार और सद्भाव से मामला सुलझ जाएगा. प्रेमी युगल एक दूसरे में मिलने के लिए बेचैन रहने वाले हैं. जीवनसाथी के साथ घूमने जाने का प्रोग्राम तो बनेगा लेकिन किसी कारणवश यह स्थगित हो जाएगा. अविवाहित जातक शादी के लिए परिवार वालों से मिल सकते हैं.

**कुंभ** – यह महिना आपके जीवन में सुनहरे पल लेकर आया है. किसी महत्वपूर्ण काम के लिये जीवनसाथी की राय कारगर साबित होगी. उधार दिया हुआ पैसा वापस मिल सकता हैं, धैर्य पूर्वक किया गया विचार बहुत फलदायी रहेगा . मन प्रसन्न रहेगा. सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे. ऑफिस में आपके कामों की तारीफ होगी . शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाएं, आपके घर में सुख- समृद्धि आयेगी. आज लव पार्टनर को अपने वश में रखने वाले हैं. प्रेमी के साथ किसी शांत स्थान पर मिलने का प्रोग्राम बना सकते हैं. वैवाहिक जीवन में एक-दूसरे का साथ रहने वाला है. पुरानी प्रेमिका का प्यार भरा संदेश प्राप्त हो सकता है.

**मीन** – आप जो भी राय देंगे आपके वरिष्ठ उस पर जरूर गौर करेंगे. मित्रों के साथ भ्रमण मनोरंजन की योजना बना सकते हैं. संतुष्टि आपके कार्य में बनी रह सकती हैं. पारिवारिक मदद आपको प्राप्त होने वाली है. यात्रा के दौरान किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात होगी. जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा. यदि आप कोई महत्वपूर्ण फैसला लेते हैं तो अपनों का समर्थन मिलेगा. दफ्तर में उच्च अधिकारियों के साथ कोई महत्वपूर्ण चर्चा हो सकती है. आप अपने लव पार्टनर के करीब आने वाले हैं. प्रेमी के साथ सैर करने जा सकते हैं. प्रेमिका के साथ अच्छा संबंध रहने वाला है.

# दिसम्बर 2022 व्रत, त्योहार एवं इवेंट्स ...

4 दिसंबर (रविवार) नौसेना दिवस

5 दिसंबर (सोमवार) प्रदोष व्रत (शुक्ल)....कन्नड़ लोग भगवान हनुमान की जयंती त्रयोदशी तिथि, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष को मनाते हैं.... आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस

7 दिसंबर (मंगलवार)- दत्त पूर्णिमा, मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा तिथि दत्तात्रेय जयंती के रूप में मनाई जाती है। भगवान दत्तात्रेय को ब्रह्मा, विष्णु और शिव का अवतार माना जाता है.... सशस्त्र सेना झंडा दिवस..अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन दिवस

8 दिसंबर (गुरुवार) मार्गशीर्ष पूर्णिमा व्रत

9 दिसंबर (शुक्रवार) भ्रष्टाचार के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस


10 दिसंबर (शनिवार) मानवाधिकार दिवस

11 दिसंबर (रविवार) संकष्टी चतुर्थी.....अंतर्राष्ट्रीय पर्वतीय दिवस

14 दिसंबर (बुधवार) अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा दिवस

16 दिसंबर (शुक्रवार) रुक्मिणी अष्टमी/ खर मास आरंभ... पौष मास के कृष्ण मास के अष्टमी तिथि को रुक्मिणी अष्टमी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन कृष्ण, रुक्मिणी और प्रद्युम्न का पूजन करना चाहिए, साथ ही भोग लगाएं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो जातक इस दिन व्रत रखता है और सौभाग्यवती महिलाओं को भोजन कराकर वस्त्र दान करता है, उस पर रुक्मिणीजी प्रसन्न होती हैं। साथ ही घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

16 दिसंबर (शुक्रवार) धनु संक्रांति



18 दिसंबर (रविवार) अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी दिवस

19 दिसंबर (सोमवार) सफला एकादशी...पौष मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को सफला एकादशी मनाई जाती है और यह साल की अंतिम एकादशी भी होती है। इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान व ध्यान करके व्रत करने का संकल्प किया जाता है और विधि विधान के साथ भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। शास्त्रों के अनुसार, सफला एकादशी का व्रत करने से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है... गोवा का मुक्ति दिवस

20-दिसंबर (मंगलावार) अंतर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता

21 दिसंबर (बुधवार) प्रदोष व्रत (कृष्ण), मासिक शिवरात्रि

23 दिसंबर (शुक्रवार) पौष अमावस्या.... किसान दिवस

25 दिसंबर (रविवार) क्रिसमस, भारत समेत दुनियाभर में 25 दिसंबर को क्रिसमस डे मनाया जाता है। क्रिसमस ईसाई धर्म का सबसे बड़ा त्यौहार है, इस पर्व के लिए कई दिनों से तैयारियां की जाती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, 25 दिसंबर के दिन जीसस क्राइस्ट का जन्म हुआ था। हालांकि आज भी उनके जन्म तिथि को लेकर कई सवाल मौजूद हैं। लेकिन रोमन साम्राज्य के पहले ईसाई सम्राट कॉन्सटेंटाइन के समय इस तिथि को मान्यता मिली थी। इसके बाद पोप सेक्स्तुस जूलियस अफ्रिकानुस ने 25 दिसंबर को लोकप्रिय पर्व मनाया। तब से 25 दिसंबर को जीसस क्राइस्ट का जन्मदिन मनाया जाता है।

26 दिसंबर (सोमवार) इस दिन भगवान गणेश के भक्त उपवास करते हैं और मध्याह्न के दौरान भगवान विनायक की पूजा करते हैं, जिन्हें विघ्नहर्ता भी कहा जाता है।

29 दिसंबर (मंगलवार) सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी हैं। इनका जन्म पौष मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1666 ई. में हुआ था। इसी दिन से गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व मनाया जाने लगा। गुरु गोविंद सिंह एक विलक्षण क्रांतिकारी संत थे। मानव समाज का उत्थान और राष्ट्र के नैतिक मूल्यों की रक्षा के लिए इन्होंने कई त्याग और बलिदान दिए हैं। सिख धर्म के अलावा गुरु गोविंद सिंह दूसरे धर्म के लोगों के लिए भी प्रेरणा के स्त्रोत हैं। इन्होंने ही खालसा पंथ की स्थापना की थी.....अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस



शादियों का सीजन चल रहा है और जिनकी शादी होने वाली है, उन्होंने अभी से इसकी तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। शादी की तैयारियां केवल शॉपिंग पर खत्म नहीं होती हैं, बल्कि जल्द न्यूली वेड कपल बनने की तैयारी कर रहे जोड़े अपने रूम को सजाने और संवारने के बारे में भी बातें करते हैं।

# ऐसा होना चाहिए न्यूली वेड कपल का बेडरूम

दुल्हन का आगमन हजारों खुशियां लेकर आता है। हिंदू धर्म में तो दुल्हन को देवी लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है। ऐसे में देवी लक्ष्मी का गृह प्रवेश परिवार में सुख और समृद्धि लेकर आए, इसके लिए घर में जुड़ने वाली नई सदस्या का खुश रहना बहुत जरूरी है। किसी को भी सबसे ज्यादा सुकून उसके अपने कमरे में मिलता है, इसलिए न्यूली वेड कपल का कमरा सेट करते वक्त कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। खासतौर पर वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा कैसा होना चाहिए, इस परएस्ट्रोलॉजर एवं वास्तु एक्सपर्ट कहती हैं, 'न्यूली वेड कपल के कमरे की दिशा, रंग और उसमें रखे सामान का वास्तु के हिसाब से होना बहुत जरूरी है। इससे उनका रिश्ता बेहतर बनता है और परिवार के लिए भी सब कुछ शुभ होता है।'

## बेडरूम की दिशा

वास्तु एक साइंस है और 'वे ऑफ आर्किटेक्चर' है। इसमें दिशाओं का विशेष महत्व होता है।' इसलिए वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा साउथ-ईस्ट दिशा में होना चाहिए और घर की सबसे ऊपर वाली मंजिल में होना चाहिए। हालांकि, कई बार वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा सही दिशा में नहीं होता है। ऐसे में वास्तु दोष को दूर करने के लिए कमरे में बेड की सेटिंग इस तरह होनी चाहिए कि दुल्हन का सिर साउथ में और पैर नॉर्थ में हो। इस दौरान ध्यान रखें कि पैर एकदम दरवाजे के सामने नहीं होने चाहिए। अगर इस दिशा में सोने की व्यवस्था नहीं हो पा रही है तो ईस्ट की ओर सिर किया जा सकता है। लेकिन जब भी आपको कंसीव करना हो तो अपने सोने की जगह को बदल लें।

## बेड कैसा होना चाहिए

सोशल डेकोरेशन को भूल कर आपको लकड़ी का ही बेड अपने लिए चुनना चाहिए। 'मेटल में कोल्ड एनर्जी होती होती है और वुड में वॉर्म एनर्जी होती है। न्यूली वेड कपल्स को वॉर्म एनर्जी की जरूरत होती है।' इसके साथ ही, इस बात का ध्यान रखें कि बेड में अगर बॉक्स भी है तो उसमें कोई भी कबाड़ न रखें और न ही कोई धारदार चीज रखें। यहां तक की बेड पर पड़ा गद्दा भी सिंगल होना चाहिए।

## कैसा होना चाहिए कमरे में शीशा

शीशा आपका प्रतिबिंब बनाता है। किसी भी चीज को डबल करना और एनर्जी को फैलाना शीशे की प्रॉपर्टी होती है। इसलिए शीशे का सही दिशा में होना जरूरी है। सोते वक्त शीशे में आप नजर न आएं इसके लिए हमेशा शीशा बेड के बगल में होना चाहिए।

## कमरे का डेकोरेशन कैसा होना चाहिए

कमरे के डेकोरेशन में सबसे ज्यादा लोग फोटो फ्रेम्स का इस्तेमाल करते हैं। न्यूली वेड कपल्स को भी अपने कमरे में हमेशा ऐसी तस्वीरें लगानी चाहिए, जो उन्हें खुशी दें। भगवान की तस्वीर कभी न लगाएं, सोलो व्यक्ति की तस्वीर न लगाएं और जंगली जानवरों की तस्वीरें भी न लगाएं। कपल अपनी भी तस्वीर लगा सकते हैं।

## कमरे का रंग कैसा होना चाहिए

अपना फेवरेट कलर ही कमरे की दीवारों पर कराएं। हो सके तो कमरे में कहीं न कहीं लाल रंग का इस्तेमाल जरूर करें। क्योंकि यह रंग एनर्जी को बढ़ाता है और कपल के बीच के प्रेम संबंधों को मधुर बनाता है। ज्यादा लाल रंग न इस्तेमाल करें क्योंकि इससे कंसीव करने में दिक्कत आती है और लड़ाई झगड़े भी होते हैं।



# सिर्फ सेहत ही नहीं, घर चमकाने के काम भी आता है जैतून का तेल

जैतून तेल का इस्तेमाल सेहत और ब्यूटी से जुड़ी परेशानियों को दूर करने के लिए किया जाता है। मगर क्या आप जानते हैं कि यह घर की सफाई में भी मददगार है। जी हां, जैतून के तेल से आप घर की साफ-सफाई भी कर सकते हैं। चलिए आज हम आपको बताते हैं कि किस तरह जैतून के तेल का इस्तेमाल आपके घर की छोटी-छोटी प्रॉब्लम को दूर करता है।

## लकड़ी के फर्श को करें साफ

1 चम्मच ऑलिव ऑयल और 1/2 चम्मच व्हाइट विनेगर को मिक्स करके उसे अपनी घर की फर्श को साफ करें। यह आपके फर्श को नए जैसा चमका देगा और इससे फर्श के दाग-धब्बे भी आसानी से साफ हो जाएंगे।

## पुराने फर्नीचर को रखें नए जैसा

लकड़ी के फर्नीचर की अलग सही तरीके से देखभाल न की जाए तो वह खराब होने लगते हैं। ऐसे में आप कपड़े पर हल्का-सा जैतून का तेल लगाकर लकड़ी के फर्नीचर को साफ करें। उसके बाद सूखे कपड़े के फर्नीचर साफ करें। इससे आपका पुरानी वुडन फर्नीचर भी नया लगेगा।

## बर्तनों को चमकाएं

रसोई में खाना बनाते हुए कई बार बर्तन जल जाते हैं। ऐसे में सबसे पहले उसपर व्हाइट विनेगर और बेकिंग सोडा डालकर बर्तन को साफ करें। फिर उसपर जैतून का तेल और नमक डालकर स्क्रब की मदद से साफ करें। इससे आपका बर्तन बिल्कुल साफ हो जाएगा।

## जूट फर्नीचर की सफाई

जूट के फर्नीचर में गंदगी आसानी से नहीं निकलती और उसकी शाइन खोने लगती है। वैक्यून क्लीनर से सफाई करने के बावजूद भी वह अच्छी तरह साफ नहीं होते। ऐसे में आप कपड़े पर जैतून का तेल लगाकर फर्नीचर की सफाई करें। इससे उसकी धूल-मिट्टी भी आसानी से निकल जाएगा और नया भी लगने लगेगा।





# क्या आप भी हैं सुपर मॉम

## तो ध्यान रखें कुछ बातें

PARENTING जोन

यूं तो हर बच्चे को अपनी मम्मी 'सुपर मॉम' लगती हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि एक वही तो है जो हर पल उसका पूरा ख्याल रखती है. उसके उठने-बैठने, सोने-जगने से लेकर उसकी छोटी-छोटी फरमाइश तक का ध्यान रखती है. पर क्या इतना सब करने से ही कोई भी मम्मी सुपर मॉम बन जाती है? जवाब है, नहीं! आपका सुपर मॉम बनना इस बात पर निर्भर करता है कि क्या आपका बच्चा जीवन की हर जंग खुद से लड़ने के लिए तैयार हो चुका है या नहीं.

हर बच्चे के लिए उसके माता-पिता उसके रोल मॉडल होते हैं. वो बचपन में अपने माता-पिता को जो भी काम करते हुए देखता है, उसे ही अपने जीवन में उतारने की कोशिश करने लगता है. ऐसे में अगर आप ज्यादा गुस्सा करती हैं तो बच्चे के सामने खास ध्यान रखें कि तेज गुस्सा न करें, नहीं तो कुछ ही समय में बच्चा आपसे सीखकर आपके साथ भी वैसा ही व्यवहार करने लगेगा और तब आप कुछ नहीं कर सकेंगी.

- छोटे बच्चे किसी भी काम को करते समय उससे जल्दी उबने लगते हैं. ऐसे में पढ़ाई हो या कोई एक्टिविटी, बच्चे के किशोर होने तक उसके साथ स्वयं भी मेहनत करें. यदि बच्चा पढ़ रहा है तो उसके साथ बैठें, यदि बच्चा पेंटिंग कर रहा है या कोई म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट बजा रहा है तो भी उसके साथ बैठकर उसको मोटिवेट करें.




- बच्चा क्लास में अगर नंबर कम लाता है या फेल भी हो जाए तो उसे डांटें या झिड़कें नहीं, न ही उसे बात-बात पर ताने दें. बच्चा कम नंबर आने की वजह से पहले ही दुखी होगा. ऐसे में अगर आप भी उसे डांट देंगे तो उसका मनोबल पूरी तरह से टूट जाएगा.

- अगर आपका बच्चा किसी समस्या में आपसे मदद चाहता है तो बच्चे को उसका हल स्वयं निकालने को कहें. इसके अलावा अलग-अलग परिस्थिति का सामना कैसे करना है, इस बारे में भी उससे सवाल पूछते रहें. ऐसा करने से बच्चे में भी जिम्मेदारी की भावना आएगी.

जीवन में कामयाबी हासिल करने के लिए हर काम सही समय पर करने का हुनर मौजूद होना चाहिए. आप अपने बच्चे का उत्साह बढ़ाते हुए उसे टाइम मैनेजमेंट जरूर सिखाएं.

बच्चे की पर्सनालिटी को निखारने के लिए यह बहुत जरूरी है कि आप उससे खुलकर बात करें. इसके लिए आप जब कभी उससे बात करें तो भूल जाएं कि आप उसकी मां हैं. उससे बात करते समय उसके दोस्त बनकर देखें. उसे जो कहना हो, साफ शब्दों में कहें, बात को घुमा-फिरा कर न कहें. कोई बहाना बनाकर, दूसरे बच्चों का उदाहरण देकर या ताना मारकर कोई बात न कहें. इससे बच्चे को बुरा लग सकता है.



### गुरु को परमात्मा घोषित कराने सुप्रीम कोर्ट पहुंचा शिष्य

# अदालत बोली- दूसरों पर थोप क्यों रहे, एक लाख जुर्माना भी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक अजीबों-गरीब मामला आया। एक शिष्य ने अपने गुरु को परमात्मा घोषित करने के लिए जनहित याचिका लगाई। इसे जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच ने खारिज कर दिया। साथ ही याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगा दिया।

## शिष्य ने यह मांग क्यों की ?

याचिका लगाने वाला उपेंद्र नाथ दलाई, श्रीश्री अनुकूल चंद्र ठाकुर का शिष्य है। उसकी मांग थी कि श्रीश्री ठाकुर के धर्म-समाज में योगदान को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट उन्हें परमात्मा मानने का निर्देश दे। उपेंद्र की याचिका में भाजपा-आरएसएस, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, गुरुद्वारा बंगला साहिब, इस्कॉन समिति, बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया, नेशनल क्रिश्चिएन काउंसिल को भी पार्टी बनाया गया था। कौन हैं अनुकूलचंद्र चक्रवर्ती- श्रीश्री ठाकुर के नाम से मशहूर हैं। वे देवघर में सत्संग के संस्थापक थे। अनुकूल चंद्र का निधन 27 जनवरी 1969 को हुआ था। भारत सरकार ने 1987 में उनके नाम पर एक मेमो डाक टिकट जारी किया था।




## आदेश में क्या-क्या कहा ?

कोर्ट ने खाचिका खारिज करते हुए कहा- भारत एक धर्म निरपेक्ष देश है। याचिकाकर्ता को इस बात की अनुमति नहीं दी जा सकती कि वह देश के लोगों से जबरदस्ती श्रीश्री अनुकूल चंद्र को परमात्मा मनवाए।

# सिंगापुर में लालू का किडनी ट्रांसप्लांट सफल

● 1 घंटे चले ऑपरेशन के बाद होश आया, हाथ हिलाकर किया अभिवादन ● बेटी रोहिणी ने दी किडनी

**पटना (एजेंसी)।** सिंगापुर के अस्पताल में सोमवार को आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का किडनी ट्रांसप्लांट सफल रहा। 1 घंटे तक ये ऑपरेशन चला। लालू को उनकी बेटी रोहिणी ने किडनी डोनेट की। लालू से पहले रोहिणी का ऑपरेशन किया गया। फिलहाल दोनों आईसीयू में हैं। लालू यादव का हाथ हिलाकर अभिवादन करते वीडियो उनकी बड़ी बेटी मिसा भारती ने शेयर किया है।



उन्होंने लिखा- हमारे लिए बहुत सुकून देने वाला क्षण था जब पापा से आईसीयू में थोड़ी देर के लिए मिलने की इजाज़त मिली। पापा ने हाथ हिलाकर आप सब की शुभकामनाओं को वीडियो के माध्यम से स्वीकार किया और आभार व्यक्त किया। ऑपरेशन से पहले रोहिणी ने लालू के साथ फोटो ट्वीट की। लिखा- रेडी टु रॉक एंड रोल। मेरे लिए इतना ही काफी है, आपकी खैरियत मेरी जिंदगी है।

# सुगम्य भारत अभियान राष्ट्रीय पुरस्कार के अंतर्गत महाराष्ट्र के दिव्यांगों का राष्ट्रपति के हाथों सम्मान

नई दिल्ली, : सुगम्य भारत अभियान राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा की गई। इस अवसर पर महाराष्ट्र राज्य के ४ दिव्यांग व्यक्तियों और ३ संस्थाओं को सम्मानित किया गया है। खास बात यह है कि २०२१ और २२ के लिए यह पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों ४ व्यक्तियों और ३ संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में इंटरनेशनल डे ऑफ पर्सन विद डिसेबिलिटी को भी सेलिब्रेट किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सोशल जस्टिस और एंपावरमेंट मिनिस्ट्री ने किया था।

इस कार्यक्रम में सोशल जस्टिस एंड एंपावरमेंट मिनिस्टर डॉ वीरेंद्र कुमार, रामदास अठावले और प्रतिमा भौमिक भी उपस्थित थे। वर्धा जिले के जय सिंह चौहान को भी २०२२ का सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन कैटेगरी में पुरस्कृत किया गया। उन्होंने अपना खुद का काम शुरू किया और आज वह करोड़ों रुपये की कंपनी के मालिक हैं। उन्हें नेशनल अवॉर्ड फॉर इंडिविजुअल एक्सीलेंस दिया गया।





उनके अलावा, डॉक्टर शुभम धूत, सुश्री विमल गाव्हने, अशोक भोईर को भी यह पुरस्कार दिया गया। वहीं महात्मा गांधी सेवा संघ, अकोला जिला परिषद और कमिश्नर डिसेबिलिटी गवर्नमेंट ऑफ महाराष्ट्र को भी इस अवसर पर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार विजेताओं ने इस अवसर पर हर्ष भी जताया। राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कृत होने पर उनके चेहरे पर एक अलग मुस्कान थी।वर्ष २०२१ और २०२२ के राष्ट्रीय पुरस्कार १४ श्रेणियों के तहत दिए गए। महाराष्ट्र 'सुगम्य भारत अभियान' को लागू करने वाला सर्वश्रेष्ठ राज्य रहा है और यह पुरस्कार आयुक्त निःशक्तता कल्याण, पुणे को प्रदान किया गया। अकोला की जिला परिषद ने (विकलांगता अधिकार अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन/सार्वभौमिक पहचान पत्र प्रणाली और विकलांग व्यक्तियों के लिए योजनाएं) श्रेणी में प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता और श्री जयसिंह चव्हाण, नागपुर को (विकलांगता वाले सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति) श्रेणी में २०२२ वर्ष के लिए सम्मानित किया गया।

# कॉलेजियम का सिस्टम बेपटरी नहीं होना चाहिए

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा-हम सबसे पारदर्शी संस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने खुद को सबसे पारदर्शी संस्थान कहते हुए शुक्रवार को कहा कि कुछ लोगों के बयानों के आधार पर कॉलेजियम प्रणाली को बेपटरी नहीं किया जाना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने पूर्व न्यायाधीशों द्वारा कॉलेजियम के चयन तंत्र के खिलाफ की गई प्रतिकूल टिप्पणियों को खारिज करते हुए इसे फैशन करार दिया। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस सीटी रविकुमार की पीठ ने 2018 के कॉलेजियम की बैठक के बारे में जानकारी मांगने वाली एक याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा, जो प्रणाली काम कर रही है, उसे पटरी से ना उतरने दें। याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि 12 दिसंबर, 2018 को कॉलेजियम की उस बैठक के विवरण का खुलासा नहीं कर सुप्रीम कोर्ट अपनी पारदर्शिता नहीं दिखा रहा है, जिसमें उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों को शीर्ष अदालत में पदोन्नत करने का निर्णय कथित तौर पर लिया गया था।



## अधूरे कंस्ट्रक्शन को कर सकेंगे पूरा,राष्ट्रपति ने म्हाडा अधिनियम संशोधन विधेयक को दी मंजूरी



मुंबई : महाराष्ट्र आवास और क्षेत्र विकास अधिनियम संशोधन विधेयक (म्हाडा)को देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है, अब मुंबई शहर में खतरनाक और रुके हुए उपकर (सेस) भवनों के पुनर्विकास का मार्ग खुल गया है. उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के लगातार प्रयास इसके लिए सफल रहे हैं. उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद दिया है. अब इस नए कानून के अनुसार म्हाडा के माध्यम से विभिन्न कारणों से अधूरे/रुके हुए सेस (उपकर) निर्माण परियोजनाओं को टेक ओवर करना और उनका पुनर्विकास करना संभव होगा.

मौजूदा मुंबई शहर में ५६ से अधिक सेस (उपकर) भवनों का पुनर्विकास रुका हुआ था या अधूरा था. इसलिए, म्हाडा सीधे ऐसी इमारतों को अपने कब्जे में ले सकती है और उनका पुनर्विकास कर सकती है. साथ ही, यदि मुंबई नगर निगम किसी सेस (उपकर) भवन को खतरनाक घोषित करता है, तो उस बिल्डिंग या भवन के मालिक को पहले पुनर्विकास का अवसर दिया जाएगा. यदि वह ६ महीने के भीतर पुनर्विकास प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं करता है, तो किरायेदार को दूसरा मौका दिया जाएगा.

# राहुल की नसीहत-जय श्रीराम नहीं, जय सियाराम बोलिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी के एक बयान पर विवाद छिड़ गया है। शुक्रवार को उन्होंने भाजपा और आरएसएस को जय सियाराम कहने की नसीहत दी थी और जय श्रीराम और जय सियाराम में फर्क बताया था। अब

● भाजपा का पलटवार, शाहनवाज हुसैन बोले-वे इलेक्शन वाले हिंदू

भाजपा ने उनके बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि भाजपा को राहुल गांधी के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। वे इलेक्शन वाले हिंदू हैं। वहीं, ब्रजेश पाठक ने कहा कि राहुल गांधी नाटक मंडली के नेता हैं। वो कोट के ऊपर जनेऊ पहनते हैं। उनको भारत की संस्कृति के बारे में कुछ नहीं पता है। बस गली-गली दौड़ रहे हैं, क्योंकि जानता ने इनको नकार दिया है। एमपी के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा- राहुल बाबा का ज्ञान, बाबा-बाबा ब्लैक शीप तक ही सीमित है। राम की शुरुआत श्री से ही होती है और श्री जो हैं, वह विष्णु भगवानजी की पत्नी लक्ष्मी और सीता जी के लिए ही इस्तेमाल होता है। जरा खोल कर तो देख लें इतिहास। उधर, यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट किया- भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकारने वाली कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी को जय श्रीराम न सही, भाजपा ने जय सियाराम बोलने के लिए विवश कर दिया है, यह भाजपा की वैचारिक विजय और कांग्रेसी विचारधारा की हार है। अभी आपसे जय श्री राधारानी सरकार की और जय श्रीकृष्ण भी कहलवाना है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का मध्यप्रदेश में आज शनिवार को 11वां दिन है। यात्रा अभी आगर-मालवा जिले में है। सुबह यात्रा बस स्टॉप महुड़िया से शुरू हुई।





# शिंदे-फडणवीस सरकार की नाकामियों के खिलाफ एकजुट एमवीए

## 17 दिसंबर को मुंबई में निकलेगा विपक्ष का संयुक्त महामोर्चा

**मुंबई:** एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस सरकार की नाकामियों के खिलाफ आगामी 17 दिसंबर को मुंबई में विपक्ष का संयुक्त मोर्चा निकाला जाएगा। यह ऐलान सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने किया। मोर्चा निकालने का फैसला महाविकास अघाड़ी गठबंधन (एमवीए) के नेताओं की बैठक में लिया गया। यह बैठक राज्य विधानमंडल के आगामी शीतकालीन अधिवेशन के लिए विपक्ष की रणनीति बनाने के लिए बुलाई गई थी। बैठक के बाद एमवीए के नेताओं ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस ली, जिसमें बताया गया



कि मोर्चा भायखला स्थित जीजामाता उद्यान (रानीबाग) से आजाद मैदान तक निकाला जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस को उद्धव ठाकरे, एनसीपी नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजित पवार तथा कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात ने भी संबोधित किया।

उद्धव ठाकरे ने कहा कि राज्यपाल और बीजेपी के नेताओं द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज का लगातार अपमान किया जा रहा है। कर्नाटक द्वारा सीमावर्ती गांवों पर दावा किया जा रहा है और महाराष्ट्र से उद्योग दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। इससे महाराष्ट्र की अस्मिता पर ही खतरा पैदा हो गया है। उद्धव ठाकरे ने कहा, 'इस अवैध सरकार के कारण राज्य की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने हाल ही में छत्रपति शिवाजी महाराज और ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के बारे में जो टिप्पणियां की हैं, उससे महाराष्ट्र के महापुरुषों की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। गुजरात में चुनाव जीतने के लिए महाराष्ट्र से उद्योगों को छीनकर गुजरात भेजा गया। उन्होंने सवाल उठाया कि अगले साल कर्नाटक में चुनाव हैं, तो क्या अब महाराष्ट्र के गांवों को तोड़कर कर्नाटक को दिया जाएगा?

### सभी से शामिल होने की अपील...

**उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र की आम जनता, सामाजिक संगठनों और सिविल सोसायटी से 17 दिसंबर के मोर्चे में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोर्चे का मुद्दा केवल राजनीतिक नहीं है, बल्कि महाराष्ट्र के स्वाभिमान का सवाल है।**

### 8 दिसंबर को एमवीए की बैठक

**पवार ने कहा कि 8 दिसंबर को एमवीए नेताओं की एक और बैठक होगी। पवार ने कहा कि 17 दिसंबर से पहले अगर राज्यपाल को हटा भी दिया जाता है, तो भी यह मोर्चा निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र आज तक किसी के सामने झुका नहीं है।**




# महाराष्ट्र को बांटने की बीजेपी की साजिश: नाना पटोले

**मुंबई :** गुजरात के बीजेपी के कुछ नेताओं के मन में महाराष्ट्र के प्रति हमेशा नफरत है। इसी वजह से अब महाराष्ट्र को बांटने की बात की जा रही है। बीजेपी सोलापुर, सांगली के कुछ गांवों को कर्नाटक से जोड़ने की साजिश रच रही है, ऐसा गंभीर आरोप कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने लगाया। पुणे में पत्रकारों से नाना पटोले बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बीजेपी की यह साजिश कांग्रेस कभी कामयाब नहीं होने देगी। कांग्रेस पार्टी महाराष्ट्र का बंटवारा कभी नहीं होने देगी।

### बीजेपी की पेशवाई को लाने की कोशिश

36वीं पुणे इंटरनेशनल नाइट मैराथन के विजयी प्रत्याशियों को नाना पटोले के हाथों सम्मानित किया गया। इस वक्त पत्रकारों ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के विवादित बयान पर पुछे सवाल पर पटोले ने कहा की, राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने पहले



महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले के बारे में भी विवादित बयान दिया था। उसके बाद छत्रपति शिवाजी महाराज को लेकर विवादित बयान दिया गया है। इन दोनों घटनाओं के बाद कांग्रेस पार्टी ने सार्वजनिक स्टैंड लेते हुए विरोध जताया और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। लेकिन बीजेपी नेतृत्व ने अभी तक इस पर कोई स्टैंड नहीं लिया है। लेकिन वहीं बीजेपी नेताओं के अब तक के बयान से लगता हे की उन्हें पेशवाई लानी है। उन्हें स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि वह पेशवाई के साथ रहना चाहते हैं या शिवशाही के साथ। कांग्रेस पार्टी हमेशा शिवशाही के साथ है, ऐसा भी पटोले ने कहा। बीजेपी को जनता माफ नहीं करेगी

पटोले ने आगे कहा कि बीजेपी लगातार छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान करने का काम कर रही है। यह राज्य की जनता का अपमान है। इसलिए प्रदेश की जनता बीजेपी को कभी माफ नहीं करेगी। छत्रपति शिवाजी महाराज के शब्दों में अभद्र और विचारहीन ईडी सरकार को कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरिके से कडेलोट करेगी। जनता इसके लिए हमारे साथ है, ऐसा पटोले ने कहा। उसके साथ छत्रपति शिवाजी महाराज को लेकर थोड़ा सा भी स्वाभिमान है, तो आज मंत्री, खासदार और विधायक बन गए हैं, क्या वे कुर्सी छोड़ सकते हैं? लेकिन अगर आप छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान सहना चाहते हैं और कुर्सी नहीं छोड़ना चाहते हैं, तो हमें कुछ नहीं कहना है। हम जबरदस्ती नहीं करेंगे, ऐसा भी नाना पटोले ने कहा।

# धर्म परिवर्तन का विरोध करने पर युवक ने याद दिलाया श्रद्धा हत्याकांड, तुम्हारे 70 टुकड़े कर देंगे....

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के धुले शहर के पश्चिम देवपुर थाने में लिव-इन में रहने वाली एक युवती ने अपने साथी के खिलाफ केस दर्ज कराया है. पुलिस के अनुसार आरोपी युवक अपनी पहचान छुपाकर पीड़िता को लम्बे समय से प्रताड़ित कर रहा था. जब आरोपी ने पीड़िता के साथ श्रद्धा हत्याकांड जैसी घटना करने की धमकी दे डाली तब पीड़िता ने पुलिस को इस बात की जानकारी दी.

24 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी अरशद सलीम मलिक उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा था. जबकि आरोपी पहले से शादीशुदा है. उसने 4 अप्रैल, 2016 को पहली बार शादी की. ये बात उसने छिपाई. यहां तक कि आरोपी ने अपनी असली पहचान भी छिपाई.




युवती का आरोप है कि वह उसे महाराष्ट्र के लालिंग ले गया. वहां युवती को आरोपी युवक के असली पहचान के बारे में पता चला. इस पर आरोपी ने युवती के साथ मारपीट की. वहीं उसने वीडियो बनाकर धमकी देनी शुरू कर दी. युवती का आरोप है कि इन सब के बाद अरशद उसे उस्मानाबाद के एक फ्लैट में ले गया. वहां आरोपी के पिता सलीम बशीर मलिक ने भी युवती को प्रताड़ित किया. इसके साथ ही अरशद ने युवती का धर्म परिवर्तन भी करा दिया.

पीड़िता ने बताया कि जब उसने धर्म परिवर्तन का विरोध किया, तब आरोपी युवक ने उसे दिल्ली की श्रद्धा हत्याकांड की याद दिलाई. इतना ही नहीं युवक ने पीड़िता को धमकी देते हुए कहा कि हम तुम्हारे 70 टुकड़े कर देंगे. पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है.

### क्या है श्रद्धा हत्याकांड!

**मुंबई की श्रद्धा वालकर आफताब के साथ दिल्ली के महरौली में एक फ्लैट में लिव-इन में रह रही थी. आरोप है कि आफताब ने 18 मई को श्रद्धा की गला दबाकर हत्या कर दी थी. आफताब के मुताबिक, श्रद्धा उस पर शादी को लेकर दबाव डाल रही थी. आफताब ने इसके बाद श्रद्धा के शव के 35 टुकड़े किए और उन्हें महरौली के जंगलों में अलग अलग दिन फेंका. आफताब फिलहाल जेल में है.**

यह समाचार पत्र मासिक महाराष्ट्र क्राईम्स मालिक, मुद्रक प्रकाशक सिराज चौधरी द्वारा राजीव प्रिंटर्स, ४९६, पंचशील नगर१, नागसेन बुद्ध मंदिर रोड नं३, तिलक नगर, चेम्बुर, मुंबई४०००८९ से मुद्रित करवा कर ८/ऐ/१६९/२७०२/टागोर नगर, विक्रोली (पू), मुंबई४०००८३ से प्रकाशित किया। RNI NO. : MAHHIN/1998/02261
संपादक सिराज चौधरी मो. ७७७७०६०६८७ www.maharashtracrimes. in / www.maharashtracrimes. blogspot. in Email : editor@maharashtracrimes. in / maharashtracrimes@gmail. com